तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

04 20 ग्राम पंचायतों में एक करोड़ 50 हजार के...



04 सरोना में बिजली कटौती और लो वोल्टेज ...





## खबर संक्षेप

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने द्वितीय नेशनल लोक अदालत तैयारी को लेकर ली बैठक




**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में 05 मई 2025 को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण एवं तैयारी के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्रधान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव जिला न्यायालय के सभाकक्ष में अधिवक्ता संघ की बैठक ली। बैठक में न्यायालय में लंबित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकृत किए जाने और तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में समस्त न्यायाधीश एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### माओवादियों ने जलाये वाहन, क्षतिपूर्ति स्वीकृत

**कांकेर।** नक्सली पीड़ति व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परतापुर थाना क्षेत्रांतर्गत गोटांज से गट्टाकाल तक सीसी रोड निर्माण कार्य में लगे कुरूद भिलाई जिला दुर्ग निवासी देवदास साहू के वाहन मिक्स्चर मशीन के जलने पर 6 लाख और राजमुण्डा से सितरम तक डब्ल्यूएम रोड निर्माण कार्य में लगे वाहन शिफ्टर ट्रक के जलने पर पर उसके मालिक को 6 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। नक्सली हिंसा में मारे गए मृतक मानू ध्रुवा निवासी आलदंड तहसील तहसील बांदे निवासी समिला ध्रुवा को 5 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

### बकरी चराने गई महिला की हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पालनदी निवासी 60 वर्षीय सुकमय कावड़े का शव खेत की ओर मृत अवस्था में मिला। पालनदी निवासी 65 वर्षीय भगडु गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतिका 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे बकरी चराने के लिए अपने खेत की ओर गई थी। खेत कि ओर बने तालाब के पास मृत अवस्था में पड़ी थी। हाथ में झटका तार लटका हुआ था। मृतिका का मौत खेत में लगे हुए स्वचलित झटका तार के संपर्क में आने होना प्रतित हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत मेढकी नदी के पास बाइक से फिसलकर गिर जाने से सनोती बाई कि मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। विवेचना में पाया गया कि मृतिका अपने बेटे के साथ मोटर सायकल में सवार होकर बाजार गई थी। बाजार से वापस आते समय 19 दिसंबर को शाम साढ़े 5 बजें मेढकी नदी के पास गिर गई। गिरने से गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पोट्टेबेड़ा निवासी आयतु पोटाई के खिलाफ धारा 106 (1) (बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### जातावाड़ा का दो दिवसीय मेला 30 अप्रैल से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम जातावाड़ा का वार्षिक दो दिवसीय मेला 30 व 1 मई को आयोजित होगा। ग्राम जातावाड़ा के ग्राम गायता दुर्गूराम पुडो, ग्राम पटेल सहदेव पुडो, ग्राम सरपंच सियाराम उयके व बलराम कुलदीप ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक देव मेला ग्राम जातावाडा का आयोजित किया गया वहीं वार्षिक मेला में आसपास के गायता पटेल पुजारी देवी देवता ग्रामीण महिला पुरुष व्यापारी बच्चे शामिल होंगे वहीं रात्रि में 9 बजे से छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# बासनवाही हाई एवं मिडिल स्कूल भवन जर्जर, दो माह में ठीक करने का है समय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही**

जिले के नरहरपुर विकासखंड के बासनवाही में स्थित हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल भवन जर्जर हो गए है, जिसके चलते बारिश के सयम कमरों में पानी टपकता है। शिक्षा सत्र समापन हो चुका है, इन भवनों को ठीक करने के लिए विभाग के पास दो माह का समय है। दो माह में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले सत्र में छात्रों को भीगते पानी में पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। पालकों ने विभाग और विधायक से माँग किया है कि इस समस्या के निराकरण के लिए पहल करें।

जिले के ग्राम पंचायत बासनवाही में बने हाई स्कूल भवन व मिडिल स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है। स्कूल भवन के नया निर्माण नहीं होने से आज भी बच्चे जर्जर भवन में पढ़ाई करने मजबूर है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में कुल 78 बच्चे अध्ययनरत है एवं शाला भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। छत का प्लास्टर गिर रहा है व छत का सरिया दिखने लगा है। दीवारों में बड़े क्रेक हैं, साथ ही फर्श भी धंस गया है। भवन के जर्जर होने से बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बालक छात्रावास में स्कूल लग रही है, जिससे शिक्षकों एवं बच्चों को पढ़ाई में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाई स्कूल से हायर सेकंडरी में उन्नयन 2006 में हुआ, परंतु 9 वर्ष बीतने के बाद भी भवन नहीं मिल पाया। इस विद्यालय में 385 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। स्कूल 2013-14 में लोक ▶▶| शेष पेज 02 पर

## सरपंच, जनपद सदस्य व ग्रामीण लगातार कर रहे मांग, पालक हैं चिंतित






### स्थानीय जनप्रतिनिध कर रहे मांग, अधिकारी नहीं ले रहे सुध

सरपंच, अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन समिति के द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए सरकार से कई बार मांग किया गया है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जनपद सदस्य पवन नेताम, बबिता वट्टी, संदीप द्विवेदी, नकुल निषाद, गिरवन नेताम, महेश दास मानिकपुरी, भगवती साहू, मालती साहू व मानेश साहू ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा गत वर्ष तत्कालीन सांसद एवं विधायक को भी जर्जर स्कूल भवन का स्थल निरीक्षण करवाया था, लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नही मिला।

## कार्रवाई : परियोजना अधिकारी को नोटिस हुआ जारी, तीन दिन का मिला समय

# महिला बाल विकास मंत्री के दौरे का प्रभाव, पर्यवेक्षक को किया गया निलंबित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के दरगाहन आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पोषण ट्रेकर एप में उपस्थिति बच्चों की संख्या 16 दर्ज किया था, जबकि बच्चे केवल 02 थे। आंगनबाड़ी की तीन माह में पर्यवेक्षक ने एक बार भी निरीक्षण नहीं किया और यह भी पाया गया कि पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पोषण ट्रेक एप की जानकारी नहीं दे रही है, इसलिए पर्यवेक्षक हर्षलता जैकब को महिला बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

> ■ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर भी कार्रवाई करने के निर्देश

जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा के अनुसार महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और प्रदेश के अधिकारी औचक निरीक्षण करने 24 अप्रैल को कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम दरगाहन के आंगनबाड़ी केंद्र कमांक 1 का निरीक्षण किया। इस केंद्र में 3 से 6 वर्ष के दर्ज 16 बच्चो में से केवल 2 बच्चे उपस्थित पाएं गए, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पोषण ट्रेकर एप में बच्चों की उपस्थिति 16 दर्शाते हुए उन्हें गर्म भोजन का वितरण अंकित करना पाया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई, रेडी टू ईट फूड का रखरखाव, बच्चों के बैठने की व्यवस्था ▶▶| शेष पेज 02 पर


सियासत : विभाग प्रमुख ने जनसंपर्क विभाग के अफसरों को भी नहीं कराया अवगत

जनप्रतिनिधियों-अफसरों की नहीं सुनने वाले कांकेर के जिला कार्यक्रम अधिकारी को हटाया जाएगा : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को कांकेर प्रवास पर थी। इस दौरान कांकेर में पदस्थ महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने शिकायतें की। मीडिया से रूबरू होने के दौरान भी यह मुद्दा उठा की जिला कार्यक्रम अधिकारी जनप्रतिनिधियों की तो दूर वरिष्ठ अफसरों तक की नहीं सुनते है। शिकायतों से नाराज मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि अफसर को चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हटाया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग बेहद संवेदनशील विभाग है। इस

■ शिकायतों से नाराज मंत्री लक्ष्मी ने कहा- महिला बाल विकास विभाग में लापरवाह अफसरों के लिए जगह नहीं

केंद्र का जायजा लिया और वहां पर खामी मिलने पर अफसरों को जमकर फटकार लगाई। इसके उपरांत मंत्री का काफिला कांकेर विश्रामगृह पहुँचा। जिले के भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता महिला बाल विकास अधिकारी विपिन जैन की शिकायत कर रहे थे। उनका कहना था कि शादी कार्यक्रम में न तो सही ढंग से आमंत्रित किया गया। ना ही कार्यक्रम के पहले किसी से सलाह मशविरा किया गया, जिसके चलते भाजपाई पदाधिकारियों को आपस में लड़ाने का काम किया। इसी दौरान महिला बाल

आंगनबाड़ी केंद्र में दिखी लापरवाही, भड़की मंत्री

भाजपाइयों ने मंत्री का किया स्वागत

### परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

*चारामा की परियोजना अधिकारी गंगा पोया को दरगहन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पाई गई गंभीर अनियमितताएं को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा जारी नोटिस के अनुसार परियोजना अधिकारी जिला स्तर से भेजे जा रहे निर्देश के उपरांत भी आंगनबाड़ी केंद्रों के समुचित संचालन तथा मानीटरिंग करने के संबंध में कोई रूचि नहीं ली जा रही है और न ही नियमित रूप से परियोजना क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया जा रहा है। विभागीय समीक्षा के दौरान भी विलंब से उपस्थित होती है तथा विभागीय निर्देशों का त्वरित रूप से समुचित पालन भी आपके द्वारा नहीं किया जाना पाया गया है। तीन दिन में स्पष्टीकरण की मांग किया गया है, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर होगी कार्रवाई

*जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा लापरवाही बरती गई है और उनका भर्ती आदेश जनपद पंचायत के द्वारा जारी होता है। लापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।*

# लालच देकर की लाखों की ठगी आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज, जांच में जुटी पुलिस




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

विकासखंड भानुप्रतापपुर के एक दर्जन से अधिक लोगो को पैसा दुगुना होने का झांसा देकर लाखो रूपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विनोद पाण्डे के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंची कुंआपानी निवासी कामेश्वरी पिता माखन लाल नाग ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 से मेरे पूर्व परिचित रायगढ़ जिला के खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम टांडापारा विनोद कुमार पाण्डे पिता राजकुमार पाण्डे हॉल पता राज किशोर नगर बिलासपुर से भानुप्रतापपुर आकर जैविक खाद के संबंध में प्रचार प्रसार के समय में पहचान हुई थी, फोन पर भी संपर्क था। इसी बीच वर्ष 2023 विनोद पाण्डे द्वारा बताया गया की डबल्यूएफटी कंपनी में पैसा इन्वेस्ट करने से डेढ़ से 2 माह में पैसा दुगुना होकर मिलेगा। इस कंपनी को मेरे द्वारा ही संचालित किया जाता है, इसके लिए अधिक से अधिक लोगो को जोड़कर पैसा मेरे खाते में जमा करना होगा, फिर इन सभी बातों के झांसे में आकर मैंने 9 जून 2023 एवं 28 अगस्त 2023 को आरोपी के खाता में 5000 और 1 लाख रुपए एटीएम से एक्सिस बैंक खाते में ट्रांसफर किया। पैसा ट्रांसफर कर देने के ▶▶| शेष पेज 02 पर

> ■ अपराधियों ने एक दर्जन से अधिक लोगो को दिया पैसा दुगुना करने का झांसा

# ट्रक की टक्कर से कार पलटी बाल बाल बचे कार सवार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**



जैसाकर्रा के पास सामने चल रही कार को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। टक्कर से कार सड़क किनारे उतरकर पलट गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार में बैठे लोगों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे उड़ीसा के जिला मलकानगिरी निवासी 55 वर्षीय मदन मोहन दास पिता सुर्यामणि दास ने पुलिस को बताया ड्रायवरी का काम करता हूं और 16 अप्रैल को जी. लिलमचंद गोलछा के परिवार को आर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 08 एटी 8992 में राजनांदगांव से मलकानगिरी उड़ीसा लेकर जा रहा था। वाहन को मैं स्वयं चला रहा था कि शाम साढ़े 5 बजे के चारामा जैसाकर्रा साहू सदन के पास पहूंचा था। उसी समय पीछे से चारामा की ओर से आ रही ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 3979 के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ▶▶| शेष पेज 02 पर

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम आतुरगांव के पास यात्री बस के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था। थाना कांकेर में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के उपरांत अपराध दर्ज किया गया। विवेचना में पाया गया कि मृतक मुंगेली जिला के थाना लोरमी अंतर्गत ग्राम झापल निवासी 29 वर्षीय बलराम सिंह राजपूत पिता रवि सिंह राजपूत 23 अप्रैल को सुबह अपने मोटर सायकल क्रमाक एमपी 35 एमएच 6079 में सवार होकर केशकाल से कांकेर की ओर आ रहा था। रात करीबन साढ़े 8 बजें राष्ट्रीय राजमार्ग 30 आतुरगांव पुल के पास पहुंचा था। कांकेर की ओर से आ रही महेन्द्रा ट्रैव्लर्स की बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0324 का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एवं उतावलेपन से चलाकर मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आई। ईलाज ▶▶| शेष पेज 02 पर

> ■ लापरवाही से बस चला रहा था ड्राईवर

# पुत्रीशाला का कलेक्टर व सीईओ ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**



शासकीय प्राथमिक स्कूल महेंद्रपुर में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने माताओं को अपने बच्चों को सीखने के तरीके बता रहे थे, उसी दौरान स्कूल भवन का निरीक्षण करने कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी पहुंचे। उन्होने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया। अधूरे बने स्कूल भवन का जायजा लिया और शिक्षकों से अन्य कई जानकारियां लिया।

शिक्षकों ने बताया कि छात्रों की माताओं को शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को समय देने प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें सीखने के सरल तरीकों को शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बताया। सभी माताएं शैक्षणिक गतिविधियों में अपने बच्चों के साथ शामिल हुईं। बच्चों को शारीरिक विकास अंतर्गत संतुलन बनाकर चलना, कूदना, पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास अंतर्गत रंग पहचानना, वर्गीकरण क्रम से लगाना, भाषा विकास के तहत चित्र वाचन, पढ़ना, गणित पूर्व तैयारी के लिए आकार पहचानना, गिनना, अंक पहचानना और जोड़ घटाना के बारे में खेल-खेल में सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक सुषमा ठाकुर, प्रधान ▶▶| शेष पेज 02 पर

> ■ अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का लिया जायजा

## नवीन नक्सल पुनर्वास नीति के तहत भानुप्रतापपुर में लगाया गया शिविर

# नक्सल पीड़ित व समर्पण करने वालों की सरकार ने ली सुध, सुनी जा रही समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर**

नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ति एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले के बाद अब विकासखंडस्तर पर शिविर लगाकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है ओर निराकरण किया जा रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य बना रखा है, उसी के तहत नवीन नक्सल पुनर्वास नीति 2025 बनाई गई है। इसके तहत नक्सलियों से पीड़ित रहे परिवार और नक्सलियों का साथ छोड़कर समर्पण करने वाले नक्सलियों को



राहत देने के लिए शिविर लगाए जा रहे है। जिला मुख्यालय में शिविर लगने के उपरांत कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार 25 अप्रैल को विकासखण्ड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नक्सल प्रभावित एवं पीड़ति परिवारों से आवेदन प्राप्त कर मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का निराकरण नियमानुसार किए जाने के लिए संबंधित विभाग के उच्च कार्यालय को भेजा गया। भानुप्रतापपुर के पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष शिविर में उक्त पुनर्वास नीति के तहत आवेदन करने काफी संख्या में भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के नक्सल प्रभावित एवं पीड़ति ग्रामीणजन पहुंचे तथा निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर संबंधित स्टॉल में जमा किया। अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले ने बताया कि मौके पर ग्रामीणों का आधार संबंधी निराकरण किया गया, जिसमें ▶▶| शेष पेज 02 पर

# महिला बाल विकास मंत्री से मिले पार्षद, वार्ड की समस्याओं से कराया अवगत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

अलबेला पारा वार्ड की निर्वाचित पार्षद उगेश्वरी ऊईके ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से कांकेर प्रवास के दौरान शिष्टाचार भेंट करते हुए वार्ड की महिलाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर एक विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। पार्षद ने महिला बाल विकास मंत्री को बताया कि वर्षों के संघर्ष के पश्चात क्षेत्र के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए भूमि का आवंटन तो हो चुका है, किंतु भवन निर्माण की स्वीकृति ▶▶| शेष पेज 02 पर

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला महेंद्रपुर में हुआ अंगना म शिक्षा कार्यक्रम



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय प्राथमिक स्कूल महेंद्रपुर में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षिकाओं ने माताओं को अपने बच्चों को सीखने के तरीके बताया और शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को समय देने प्रशिक्षित किया। उन्हें सीखने के सरल तरीकों को शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बताया एवं सभी माताएं शैक्षणिक गतिविधियों में अपने बच्चों के साथ शामिल हुईं। बच्चों को शारीरिक विकास अंतर्गत संतुलन बनाकर चलना, कूदना, पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास अंतर्गत रंग पहचानना, वर्गीकरण क्रम से लगाना, भाषा विकास के तहत चित्र वाचन, पढ़ना, गणित पूर्व तैयारी के लिए आकार पहचानना, गिनना, अंक पहचानना और जोड़ घटाना के बारे में खेल-खेल में सिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सुमित्रा कोठरे, संकुल समन्वयक तुलसी केमरे, देवाराम कोठरे, बिंदा सलाम, भारती जैन, मानबाई सलाम, कनकलता जैन, अस्वनी जैन, शांति मंडावी, कीर्ति जैन आदि उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम के दौरान समाज में सेन समाज के योगदान पर डाला गया प्रकाश

# सेन समाज ने मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर में सेन नाई समाज ने समाज के आदर्श संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ सेन भवन वार्ड नंबर 2 में मनाया गया। सेन महाराज के अनुयायी उन्हें अपने आदर्श के रूप में मानते हैं और उनके सनातन धर्म के प्रति आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। समाज के बीच राजीव श्रीवास ने सेन महाराज के जीवन वृत्तांत को बताया और साथ ही भारतीय समाज में सेन समाज के योगदान पर प्रकाश डाला।

समाज के अध्यक्ष भुनेश्वर सेन ने कहा कि आज हमारा संख्या में छोटा है, लेकिन यह प्रभावी समाज है जो अपने सेवाभाव के लिए जाना जाता है। इस सुअवसर पर सेन समाज ने नगर अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया जहां पर समाज ने सेन चौक की स्थापना के लिए आग्रह किया उसे त्वरित पूरा करते हुए नगर अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 2 और सम्बलपुर की ओर जाने वाले चौक का भूमिपूजन कर सेन चौक के नामकरण कर दिया और साथ ही समाज को बहुत जल्द अन्य मांगों पर कार्य होने का आश्वाशन दिया। कार्यक्रम में छत्रप्रताप देव दुग्गा, अरविंद जैन, मंडल अध्यक्ष भाजपा डीगेश खापर्डे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, वार्ड पार्षद निशा तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, रवि ठाकुर आदि अतिथियों ने भी सेन समाज को जयंती पर बधाई दिए। सेन जयंती पर सेन समाज के राजकुमार ठाकुर, परमानंद श्रीवास, मिलाप शांडिल्य, छबिलाल शांडिल्य, शिवन शांडिल, गोपाल सेन, उमाशंकर सेन, अशोक सेन, गोरेलाल भारद्वाज, नीलकमल भारद्वाज, विनोद सेन, किशोर सेन, मुकेश सेन, लकी सेन, लेमन सेन, सोहन सेन, जसवंत सेन, अजय सेन, गोवर्धन सेन, ओम प्रकाश, भगत शांडिल्य, दिनेश शांडिल्य, राजकुमार शांडिल्य, मनीषा श्रीवास आदि सेन समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सरपंच संघ की अध्यक्ष बनीं किलेपार की मैना ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

■ जनपद पंचायत चारामा के सभा कक्ष में हुआ चुनाव

चारामा के सरपंच संघ का चुनाव जनपद पंचायत चारामा के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए ग्राम पंचायत किलेपार से मैना ध्रुव विजयी रहीं। अध्यक्ष पद के लिए मैना ध्रुव को 21 वोट मिले, वहीं घनश्याम जुर्री को 18 वोट प्राप्त हुए एवं अन्य उम्मीदवारों में राजकुमार सेवता को 11 वोट और लता मांडवी को 3 वोट मिले। मैना ध्रुव ने करीबी मुकाबले में जीत हासिल की।

जनपद पंचायत चारामा के सभा कक्ष में आयोजित सरपंच संघ के चुनाव में अन्य पदों पर सर्वसम्मति से चयन हुआ। जयप्रकाश गावड़े, सरपंच ग्राम पंचायत आंवरी को उपाध्यक्ष और नोतन भोयर को सचिव नियुक्त किया गया। संघ के संरक्षक के रूप में रवि लाल को चुना गया। चुनाव के बाद अध्यक्ष बनीं मैना ध्रुव ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि वे मेहनत और लगन से काम करेंगी। उपाध्यक्ष जयप्रकाश गावड़े ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत सहयोगियों और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि यह जनता की जीत है। उन्होंने सरपंचों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने में पूरी मेहनत करें। यह चुनाव क्षेत्र में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

## लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की समसामयिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ इमरजेंसी में जिला सर्विलेंस इकाई व टोल नं-104 पर संपर्क के दिए निर्देश

जिले में ग्रीष्म ऋतु के शुरू होते ही तापमान में वृद्धि होने के कारण हीट स्ट्रोक की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव व उसके प्रबंधन संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आवश्यक समसामयिक सलाह जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया ने जिलावासियों को लू से बचने एवं लू लगने पर सावधानी बरतने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी है।

सीएमएचओ ने बताया कि सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने का मुख्यतया शरीर में नमक की कमी होना है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिएं, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय तथा जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाए तथा उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ली जाए। बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगायें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए। मितानिन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट के लिए संपर्क करें। संबंधित किसी भी प्रकार के सूचना व जानकारी के लिए जिला सर्वेलेंस इकाई एवं टोल नं-104 पर संपर्क करें।

## जेपरा विद्यालय में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




शाउमा विद्यालय जेपरा में कक्षा नवमी और ग्यारहवीं की स्थानीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रभारी स्वदेश शुक्ला व्याख्याता के द्वारा किया गया।

जनपद सदस्य रेणुका परमेश्वर सिन्हा ने बच्चो को आशीर्वाद दिया कि आने वाले बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर स्कूल, गांव का नाम रौशन करें। प्राचार्य द्वारा परीक्षा परिणाम के बारे में कहा कि परिणाम में लड़की ने लड़के से बाजी मारी और स्कूल में शिक्षको की कमी को अवगत कराया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले को स्मृति चिन देकर सम्मानित किया गया और साथ में आईटी और रिटेल का प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों के द्वारा दिया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा नवमी में दर्ज संख्या 57, प्रविष्ट 54, अनुपस्थित 03, उत्तीर्ण 33, अनुत्तीर्ण 13, पूरक 08 रहे। प्रथम श्रेणी 15, द्वितीय श्रेणी 05, तृतीय श्रेणी 13 व कुल 61 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान आरती मांडवी 84.33 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लक्ष्मी जैन 78.5 प्रतिशत, तृतीय वाणी जैन 72.83 प्रतिशत रहा। कक्षा ग्यारहवीं ने दर्ज संख्या 33, प्रविष्ट 30, अनुपस्थि 03, उत्तीर्ण 27, पूरक 03 के साथ 90 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम स्थान चंचल 81.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान माही 76 प्रतिशत, तृतीय स्थान वीरा 71 प्रतिशत रहा। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय 77.7 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय 100 प्रतिशत, जीव विज्ञान संकाय 100 प्रतिशत घोषणा किया गया। परीक्षा परिणाम में विशिष्ट अतिथि सोहद गंगासागर सरपंच, कांति कवाची सरपंच गीतपहर, रोहित जैन उपसरपंच, राम कुमार रायस्त, परमेश्वर सिन्हा, पटेल, प्राचार्य शेख संज्जाद खान, परीक्षा प्रभारी स्वदेश शुक्ला की उपस्थिति में स्वागत और कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र चंद्राकर एनएसएस प्रभारी और आभार बलराम जुर्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शशि तारक, रितु ओट्टी, रेणुका साहू, भोजराम नेताम, राकेश डडसेना, बलराम टंडन के साथ पालक और बच्चे उपस्थित रहे।

## मदले में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक व माध्यमिक शाला मदले में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं 5वीं व 8वीं के बच्चों का विदाई दिया गया। प्राथमिक शाला का परिणाम संस्था प्रमुख नरेंद्र कुमार उईके एवं माध्यमिक शाला का परिणाम संस्था प्रमुख अरुण कुमार धूव द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा 6 वीं में प्रथम पेवेंद्र कुमार, द्वितीय ईशांत कुमार, 7 वीं में प्रथम साधना दर्रो, द्वितीय लिकेश्वरी मानिकपुरी रहीं। कक्षा 5वीं एवं 8वीं के सभी बच्चों को कलम तथा गुलदस्ता देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर शाला प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मधुदास मानिकपुरी, ग्राम पटेल छबि लाल भुआर्य, ग्राम कोटवार आनंददास मानिकपुरी द्वारा बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समझाईश व बधाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षक गैंद सिंह रावटे, देवकूप्रसाद महावीर, कावेरी दर्रो, लता ध्रुव, महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष फातिमा मानिकपुरी, सचिव परमेश्वरी मानिकपुरी, समूह के सदस्य, अतिथि शिक्षक पवन कुमार भुआर्य, सफाई कर्मी चैतराम ध्रुव, रसोइया आसबती भुआर्य, विद्या बाई मानिकपुरी, संकुल समन्वयक टेकेश्वर साहू एवं पालकगण उपस्थित रहे।

## गोड़पाल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



■ छठवीं व सातवीं में 100 प्रतिशत रिजल्ट, 9 वीं में 53 प्रतिशत रहा परिणाम

**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़पाल माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, सरपंच ललेशवरी उयके, शिक्षा समिति अध्यक्ष हलाल सलाम, छननूराम प्रधान, प्राचार्य गौरीशंकर नायक कि उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित की गई। कक्षा छठवीं व सातवीं में 100 प्रतिशत रिजल्ट एवं कक्षा 9 वीं में 53 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जनपद अध्यक्ष ने सफल विद्यार्थियों को आगे अच्छे से पढ़ने की बात कही, सफल होना पर्याप्त नहीं है, आने वाले भविष्य को देखते हुए अच्छे से पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें साथ ही लक्ष्य के साथ-साथ अपने करियर पर निर्धारित करते हुए भविष्य में प्रतिस्पर्धा की भावना से पढ़ाई को कंपटीशन के रूप में करें और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए अच्छा अंकों से उत्तीर्ण हो। वही असफल विद्यार्थियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है और आगे प्रयास करके और सफल ता की और मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी।

## पेज 3 के शेष

### बासनवाही हाई...

निर्माण विभाग द्वारा निर्मित अतिरिक्त भवन भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। लोक निर्माण विभाग स्वंय इस भवन को अनुपयुक्त बता चुके है, जिससे इस भवन का मरम्मत भी संभव नही है।

### महिला बाल...

ठीक नहीं थी। निरीक्षण पंजी के अवलोकन में पाया गया कि संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक हर्षलता जैकब के द्वारा विगत 3 माह से उक्त आंगनबाड़ी केंद्र का न तो निरीक्षण कियागया और न ही निरीक्षण टीप में अंकित किया गया। पर्यवेक्षक के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पोषण ट्रैकर एप्स में विभिन्न एंट्री करने संबंधित समुचित मार्गदर्शन नहीं दिया जा रहा है और न ही नियमित रूप से मानीटरिंग की जा रही है। पर्यवेक्षक के द्वारा शासकीय कार्यो में लापरवाही तथा निर्देशों का समुचित पालन नहीं किया जाना पाया गया। कर्तव्यपालन में घोर लापरवाही बरतने तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन करने कके चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### लालच देकर की...

कुछ दिनों बाद मेरे द्वारा आरोपी से मोबाईल पर संपर्क किया गया, जिसके द्वारा बार-बार आश्वासन दिया जाता रहा कि आपका पैसा मिल जाएगा, थोड़े दिन इंतजार करो। पैसा दुगुना करने के झांसे में आकर क्षेत्र के अन्य कई लोग आरोपी के बैंक खाता में एटीएम से राशि जमा किए। अनिल कुमार बघेल ने 7 जून 2023 को 5000 रुपए, जितेन्द्र यादव ने 17 जून 2023 को 20 हजार रुपए, रामसाय दुग्गा ने 17 जून को 2023 10 हजार रुपए, धनेश्वरी मंडावी ने 15 जून 2023 को 10 हजार रुपए, प्रेम सिंह ने 16 जून 2023 को 10 हजार रुपए, धन्नु राम नेताम 17 जून 2023 को 5 हजार रुपए, पूजा दरपेटटी ने 20 जून 2023 को 5 हजार रुपए, प्रकाश साहू ने 20 जुलाई 2023 को 10 हजार रुपए, शेरसिंह नेताम ने 23 जुलाई 2023 को 20 हजार रुपए, सखन गोटी ने 23 जुलाई 2023 को 10 हजार रुपए, पुरसोतम उयके ने 23 जुलाई 2023 को 10 हजार रुपए, देव जी कोरेटी ने 23 जुलाई 2023 को 9 हजार रुपए, ललित दरपेट्टी ने 23 जुलाई 2023 को 10 हजार रुपए, नारद दरपेट्टी ने 26 जुलाई 2023 को 20 हजार रूपए, बलदेव गावड़े ने 30 जुलाई 2023 को 20 हजार रुपए व अन्य लोगो से लाखो रुपए अपने खाता में जमा करवाकर लाखो रुपए की ठगी की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विनोद पाण्डे के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

### ट्रक की टक्कर...

मेरी आर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 08 एटी 8992 को पीछे से ठोकर मार दिया, जिसे मेरी अर्टिगा वाहन रोड के दूसरे छोर सड़क से उतरकर पलटी खाकर सड़क किनारे बने गड्ढे पर जा गिरी, जिसके चलते मेरी अर्टिगा कार पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में बैठे मुझे और जी. लिलमचंद गोलछा के परिवार को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। ट्रक चालक की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा होते होते टल गया। मैने कार को कंट्रोल किया, उसी के चलते कार में सवार लोगो को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 4 पीई 3979 के चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### तेज रफ्तार बस...

के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, चिकित्सकों ने उसकी मौत होने की पुष्टी किया। आरोपी वाहन बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0324 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पुत्रीशाला का कलेक्टर...

अध्यापक महावती बागे, प्रधान अध्यापक खुशाल सिंह गजबीए , संकुल समन्वयक रोमन जैन, सहायक शिक्षक मनमोहन साहू, नितेश कुमार सेन, पालकों में मोहनी चौहान, कविता देवी, सारा एट्टी, दुर्गा साहू, भुनेश्वरी यादव, साक्षी एट्टी, अंजली एट्टी, गरिमा साहू उपस्थित रहे।

### नक्सल पीड़ित व...

26 का आधार अपडेट किया गया तथा 3 का नवीन आधार कार्ड बनाया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 8 ग्रामीणों का पंजीयन किया गया एवं 12 का श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन किया गया। इसके अलावा 1 ग्रामीण का राशन कार्ड और 2 का पंजीयन प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के लिए किया गया। साथ ही 1 ग्रामीण का मौके पर बैंक खाता खोला गया। शिविर में खाद्य विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सहकारिता, स्वास्थ्य, पुलिस, कृषि, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, वन, अग्रणी बैंक तथा तकनीकी शिक्षा (आईटीआई) विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

### महिला बाल विकास...

अब तक लंबित है। फलस्वरूप स्थानीय नागरिकों को मामूली उपचार के लिए भी 4-5 किमी. की दूरी तय करनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मोहल्ले में संचालित आंगनबाड़ी की जर्जर स्थिति की ओर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। आदर्श आंगनबाड़ी की स्वीकृति तो मिल गई है, किंतु निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के कारण कार्य बेहद धीमी गति से कार्य चल रहा है। वर्तमान में छोटे बच्चों को असुविधाजनक सामुदायिक भवन में सीमित संसाधनों के साथ रखा जा रहा है, जो कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास के प्रतिकूल है। पार्षद ने निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर बच्चों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की मांग किया, इसके साथ ही वार्ड की महिलाओं को शासकीय योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ मिले, इस दिशा में भी विस्तार से चर्चा किया। महिला बाल विकास विभाग की मंत्री ने ज्ञापन में उल्लेखित सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## दो दिवसीय संत समागम समारोह, चौका आरती सात्विक यज्ञ के साथ हुआ सम्पंन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही।



तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम धनोरा साल्हेटोला में दो दिवसीय संत समागम समारोह कार्यक्रम 24 अप्रैल को सात्विक यज्ञ, चौका, आरती के साथ सम्पन्न हुआ। संत समागम समारोह में गुरु गोसाईं डॉ. भानु प्रताप साहेब, माता सुलक्षणा देवी कि उपस्थिति में एवं दामाखेड़ा, खुदूरमल से आए संत महंतों देवान, भण्डारी, कोठरी एवं आमीन माताओं एवं हजारों के संख्या में संत जनों, बस्तर संभाग के समस्त कबीर पंथ समाज की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर माता साहिबा सुलक्षणा देवी ने प्रवचन देते हुए कहा कि सद्गुरु कबीर साहब भक्ति और मुक्ति का दाता हैं, जो व्यक्ति सद्गुरु के चरणों में नमन करते हैं। सद्गुरु कबीर साहब को हृदय में वास करते हैं, वह व्यक्ति को इस भवसागर से मुक्ति मिलती है। समारोह के दौरान केडी मिशन अध्यक्ष विष्णु दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष जोहन दास, सचिव असवंत दास मानिकपुरी, चेतन गोस्वामी, मंहत हुसन लाल, मंहत मोहन दास, सोहन दास बसंत दास मानिकपुरी, गुरु दास मानिकपुरी, राजकुमार दास मानिकपुरी, हरक दास मानिकपुरी, द्वारका दास मानिकपुरी, गिरव चन्द्रवंशी एवं समस्त कबीर पंथ समाज उपस्थित रहे।

## शिवाजी वार्ड के स्वागत द्वार पर लगी मीनार को हटाने के लिए दिया ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर नगर पंचायत द्वारा मुख्य मार्गो से मोहल्ले तक जाने वाले सभी मार्गो पर स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है। इसी तरह भानुप्रतापपुर के कांकेर रोड के शिवाजी वार्ड क्रमांक 7 में भी मुख्य मार्ग में विगत 10 वर्ष पूर्व स्वागत द्वार बनवाया गया था, जो कि मस्जिद से कुछ ही दुरी पर स्तिथ है। स्वागत द्वार पर कुछ ही दिनों पहले मुस्लिम समाज द्वारा स्वागत द्वार के ऊपर दोनों ओर मीनार का निर्माण कराया गया है जो कि निर्माणाधीन है, जिसपर राष्ट्रीय सुरक्षामंच, हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद ओर बजरंग दल भानुप्रतापपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है। भानुप्रतापपुर के शिवाजी वार्ड क्रमांक 7 में मुख्य मार्ग में बने स्वागत द्वार जो कि मस्जिद से कुछ ही दुरी पर स्तिथ है। इस स्वागत द्वार पर मुस्लिम समाज द्वारा स्वागत द्वार के ऊपर दोनों ओर मीनार का निर्माण कराया गया है। उक्त निर्माण को जल्द से जल्द हटाने एसडीएम भानुप्रतापपुर एवं थाना प्रभारी को राष्ट्रीय सुरक्षामंच, हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपा है एवं धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। हिन्दू समाज ने ज्ञापन में जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ सरकार के शासकीय निर्माण कार्यों में धार्मिक प्रतिको के उपयोग पर प्रतिबन्ध लगा हुआ है, जिसके अनुसार मुस्लिम समाज द्वारा स्वागत द्वार में मीनार का निर्माण पूर्णतः अवैध है। मुस्लिम समाज के इस कृत्य से भानुप्रतापपुर नगर में निवासरत गैर मुस्लिम समाजो में रोष व्याप्त है। यदि मीनार को नहीं हटाया जाता है तो भानुप्रतापपुर के सर्व समाजो द्वारा गैर मुस्लिम भविष्य में उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

### जनचौपाल शिविर का आयोजन होगा आज से 30 अप्रैल तक

**कांकेर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने के लिए जनपद पंचायतों के समस्त ग्राम पंचायतों में 25 से 30 अप्रैल तक जनचौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत उक्त शिविर का आयोजन तीन तिथियों में किया जाएगा, जिसमें 25 अप्रैल को जनपद पंचायत अंतागढ़ तथा नरहरपुर, 28 अप्रैल को भानुप्रतापपुर, चारामा और दुर्गुकोंदल एवं 30 अप्रैल को जनपद पंचायत कांकेर व कोयलीबेड़ा में जनचौपाल शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जनचौपाल शिविरों में जिला, जनपद व ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर ग्राम की परिस्थिति, मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं, समस्याओं के संबंध में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से चर्चा करेगें एवं रिपोर्ट प्राप्त करने निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रत्येक पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं जो वहां पर उपस्थित रहकर समस्त कार्रवाई पर नजर रखेंगे।

कार्रवाई : दस्तावेज मिलने के बाद स्थल पर जाकर होगा सत्यापन

# 20 ग्राम पंचायतों में एक करोड़ 50 हजार के 223 सोलर स्ट्रीट लाइट मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के 20 ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी में अनियमितता व भंडार क्रय नियम का पालन नहीं किए जाने की शिकायत जनशिकायत निवारण विभाग में किया गया था। जिसकी जांच उप संचालक पंचायत जिला कांकेर के द्वारा किया जा रहा है।

भानुप्रतापपुर के 20 ग्राम पंचायतों में से 15 ग्राम पंचायतों के सचिवों को सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी के समस्त दस्तावेजों को लेकर जनपद पंचायत बुलाया गया था, जिसके बाद जांच अधिकारी द्वारा सभी ग्राम पंचायत के सचिवों को सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी के समस्त दस्तावेजों की छाया कॉपी एक घण्टे जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन जांच अधिकारी इंतजार करते रहे व चार घण्टे बाद आठ ग्राम पंचायत के सचिव दस्तावेज लेकर जनपद कार्यालय पहुंचे और दस्तवेज जमा किया गया। सभी ग्राम पंचायतों का दस्तावेज जमा होने के बाद सभी ग्राम पंचायतों में जाकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा।



■ उप संचालक पंचायत कर रहे जांच

### ये है मामला

शिकायतकर्ता यशवंत चक्रधारी ने बताया कि ग्राम पंचायत भैसाकन्हार क में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 8 लाख 55 हजार, भोडिया में 5 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 2 लाख 25 हजार, दाबकट्टा में 7 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 3 लाख 15 हजार, धनेली में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, डोंगरगांव में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 6 लाख 75 हजार, डोंगरकट्टा में 16 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 7 लाख 20 हजार, डुमरकोट में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, हरनपुरी में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, हाटकर्रा में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 6 लाख 75 हजार, हेटारकसा में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, करमोती में 4 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 1 लाख 80 हजार, केवटी में 5 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 2 लाख 25 हजार, मुंगवाल में 4 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 1 लाख 80 हजार, फरसकोट में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 6 लाख 75 हजार, साल्हे में 23 सोलर स्ट्रीट लाइट 10 लाख 35 हजार, सेलेगांव में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 6 लाख 75 हजार की राशि ली गई। सोनेकन्हार में 6 सोलर स्ट्रीट लाइट 2 लाख 70 हजार, तरांदुल में 11 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 95 हजार का रिचा एंटरप्राइजेज का बिल लगाकर कर राशि आहरण किया गया है। ग्राम पंचायत कनेचुर में 20 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 9 लाख 15 हजार का भावेश ट्रेडर्स व ग्राम पंचायत तुएगुहान में 4 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 1 लाख 35 हजार का नायक कंस्ट्रक्शन का बिल लगाकर राशि आहरण कर लिया गया है।

# सुशासन तिहार में आवेदनों का हो रहा त्वरित निकारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार अंतर्गत आम जानता से प्राप्त आवेदनों में माँग व शिकायत के निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भानुप्रतापपुर के अनुविभागीय अधिकारी वाय के गुरु द्वारा अपने विभाग से संबंधित आवेदनों को तत्परता के साथ निराकृत किया जा रहा है।

■ पेयजल, हैंड पंप व बोर खनन जैसी मांगें अधिक

गर्मी के मौसम को देखते हुए पेय जल, हैंड पंप व बोर खनन जैसी मांगें अधिक है। हैंड पंप के संधारण के लिए पूर्व से ही विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्राम भैंसाकन्हार के इंदिरा चौक में ख़राब पड़े हैंड पंप का सुधार कराया गया। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या न हो इसके लिए विभिन्न टेक्निशियनों के माध्यम से पुराने व बंद पड़े हैंड पंप का सुधार कार्य कराया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भानुप्रतापपुर के उप अभियंता डीएल देशमुख एवं दुर्गुकोंदल के उप अभियंता मयंक शोरी को निरीक्षण व देख रेख की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक गांव में जाकर हैंड पंप की जांच कर सुधार होने लायक में मरम्मत कराया जा रहा है व आवश्यकता पड़ने पर नया बोर भी करवाया जा रहा है। वहीं एक ओर जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर नल कनेक्शन भी दिए जा रहे है जो लगभग पूर्णता की और है, कुछ ही महीनों में पेयजल की समस्या पूरी तरह दूर कर दी जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उप अभियंता के मोबाइल नम्बर 9407763286 एवं 9406454192 पर सम्पर्क किया जा सकता है।



# सेवा पखवाड़ा में परिवारों से सरकार की योजनाओं की ली गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी का सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भानुप्रतापपुर मंडल के शक्ति केंद्र संबलपुर में 25 अप्रैल को दलित मोहल्ले में प्रदेश संगठन पदाधिकारी के नेतृत्व में जनसंपर्क किया गया। सरकार की योजनाओं के बारे में दलित परिवारों से जानकारी लिया गया की सरकार की कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ आप सबको मिल रहा है। बैसाखीन बाई ने बताया कि मुझे महतारी वंदन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, आवास योजना, गैस योजना इत्यादि का लाभ मिल रहा है। वहीं पर चैतराम सेवक ने बताया कि हमें खाद्य योजना, शौचालय योजना और गैस योजना तथा महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

**योजनाओं का मिल रहा लाभ**-बिहारी लाल बंजारे ने भी बताया कि हमें केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा आयुष्मान भारत योजना, खाद्य योजना, महतारी वंदन योजना एवं आवास योजना का लाभ हमको मिल रहा है। अभियान में प्रमुख रूप से छत्र प्रताप दुगा, डिगेश खापर्डे, नरपत बोथरा, रवि ठाकुर,सुरेश प्रजापति व अन्य उपस्थित रहे।

# जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की नृशंस हत्या पर फूटा आक्रोश, केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

जम्मू कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में विगत दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाते हुए कायराना एवं बर्बरता पूर्वक नरसंहार पर अपना वक्तव्य दिया है। नगर पंचायत चारामा के पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने कहा कि यह हमला केवल धर्म पूछकर हिंदू जानकर उनके पत्नी, बच्चों और परिवारजनों के सामने ही गोलियों से भुनकर 26 लोगों की जिस प्रकार बर्बरता से हत्या कर दी गई जो कि न केवल मानवता के खिलाफ अपराध है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सहिष्णुता पर सीधा आघात है। प्यारे लाल देवांगन ने कहा इस अमानवीय हमले की हम कड़ी निन्दा करते है एवं इस जिहादी इस्लामिक आतंकवाद की घटना से पूरा हिंदू समाज आक्रोशित और उद्वेलित है। हम सभी हिंदू समाज पहलगाम में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष हिंदुओ, कश्मीरियों एवं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते है और केन्द्र की मोदी सरकार से मांग करते है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर इस्लामिक आतंकवादियों को जल्द से जल्द नर्क पहुचाने की व्यवस्था करे। भारत सरकार ऐसे जेहादी मानसिकता वाले आतंकवादी संगठनों, व्यक्ति व आतंकवाद को पोषित करने वाले इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाते हुए नेस्तनाबूद करने की मांग करते है।

■ भारत की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सहिष्णुता पर सीधा आघात : प्यारेलाल देवांगन

एक हफ्ते में व्यवस्था नही सुधरने पर आंदोलन की चेतावनी

# सरोना में बिजली कटौती और लो वोल्टेज से व्यापारी, किसान सहित सभी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना।

जिले के सरोना तहसील में पिछले कई महीनों से बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। व्यापारी संघ और सरोना क्षेत्र के किसानों के साथ सभी को परेशान कर रखा है। स्थानीय व्यापारी संघ चैंबर ऑफ कॉमर्स और किसान आंदोलनकारियों ने मिलकर इस गंभीर मुद्दे पर आवाज उठाई है। शिकायतों का लंबा सिलसिला जारी होने के बावजूद विद्युत विभाग की ओर से स्थिति में सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सूखा और गर्मी की मार झेल रहे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं, जबकि व्यापारी इस समस्या की वजह से अपने व्यवसाय में नुकसान की कगार पर खड़े हैं। पिछले कुछ महीनों में हुई लगातार बिजली कटौती ने व्यावसायिक गतिविधियों को भी ठप कर दिया है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। व्यापारी संघ और किसानों ने बैठक में निर्णय लिया कि यदि विद्युत विभाग ने एक हफ्ते के भीतर लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या का समाधान नहीं किया, तो उन्हें उग्र आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा। ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि वे अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने के लिए तैयार हैं।

### व्यापार हो रहा प्रभावित

इस समस्या को लेकर व्यापारियों और किसानों में गहरा असंतोष है। उन्होंने विद्युत विभाग प्रशासन से यह मांग की है कि वे इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करें, ताकि उनके फसल सुरक्षित रह सकें। किसानों का कहना है कि कृषि उपज के लिए पर्याप्त बिजली की जरूरत होती है और अगर बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनका जीवन-यापन गंभीर संकट में आ जाएगा। वहीं व्यापारी भी इस समस्या को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और उनका व्यवसाय भी इस समस्या के चलते प्रभावित हो रहा है। विद्युत विभाग मामले को गंभीरता से ले और किसानों एवं व्यापारियों को राहत दे। अगर इसी प्रकार की अनियमितता जारी रही तो इसे गंभीर परिणाम भुगतना पड़ सकता हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जनपद सदस्य चिंतामणी रामटेके, ग्राम पंचायत सरपंच दिपिका वट्टी, उप सरपंच दिनेश सहरे, अजय हिरवानी, यशवंत सूरोजिया, भरत निषाद, अनिल गजपाल, राजेंद्र कश्यप, राकेश कोड़ोपी, मनोज गंजीर, फैजल मेमन, गौतम पटेल, करन सिंह, अशोक, मुकेश रजक सहित भारी संख्या लोगों मौजूद रहे।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने गड्ढे में गिरने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील कांकेर के ग्राम माटवाडालाल निवासी 4 वर्षीय हर्ष नाग की गढ्ढे.में गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित किशन और सारिका को चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया।

# विश्व मलेरिया दिवस पर पिछेकट्टा में जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एसबीआई संजीवनी की ओर से ग्राम पिछेकट्टा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मलेरिया जैसी घातक बीमारी के प्रति सचेत करना तथा उसके लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

■ मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की दी गई जानकारी

शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मलेरिया के लक्षणों जैसे तेज बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना आदि की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को बताया कि यह रोग मच्छरों के माध्यम से फैलता है। इससे बचाव के लिए साफ-सफाई रखना, रुके हुए पानी को हटाना, मच्छरदानी का प्रयोग करना और समय पर इलाज कराना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन जय कुमार शाह समन्वयक, एसबीआई संजीवनी के नेतृत्व में किया गया एवं उनके साथ डॉ. बलराम रावते, फार्मासिस्ट आकांक्षा कोरेटी, लैब तकनीशियन रविन्द्र कुमार साहू, नर्स ऐश्वर्या तालंडी एवं सुशील कुमार दर्रो भी उपस्थित रहे।




### भानुप्रतापपुर में आदिवासी कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक आज

**भानुप्रतापपुर।** आदिवासी कांग्रेस प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार कांकेर जिला कार्यकारिणी की बैठक 26 अप्रैल शनिवार को भानुप्रतापपुर के स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 12 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सुनाराम तेता एवं जिला सचिव रमेश गावड़े ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराने की निर्णय के परिपालन में कांकेर जिले में भी प्रशिक्षण शिविर कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा किया जाएगा। बैठक में सभी ब्लाक के पदाधिकारी तथा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर - 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
27 अप्रैल दिन रविवार समय : सुबह 10:30 से 4 बजे
पता- राठौर मेडिकल स्टोर्स, होटल सुंदरम, मेन रोड, कांकेर
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर